भर्ती प्रक्रिया पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

क्रमांक	प्रश्न	उत्तर
1	आरआरबी क्या है**?** इसकी भूमिका और कार्य क्या है**?**	रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) रेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्य करता है। यह मुख्य रूप से समूह 'सी' के कर्मचारियों की भर्ती के लिए उत्तरदायी है। देश में 21 आरआरबी हैं। प्रत्येक आरआरबी में एक अध्यक्ष, और एक सदस्य सचिव और एक सहायक सचिव और सहायक अराजपत्रित कर्मचारी होते हैं।
2	आरआरबी द्वारा पहले की गई भर्तियां।	आरआरबी ने 2018 से 2,83,747 रिक्तियों को अधिसूचित किया है और 1.32 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्तियां दी हैं। शेष रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रियाधीन है। आरआरबी ने कोविड19 महामारी के बावजूद पिछले साढ़े तीन वर्षों में लगभग 4 करोड़ अभ्यर्थियों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित की है।
3.	भर्ती दो चरणों वाले कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के साथ क्यों आयोजित की जाती है**?**	यदि अधिसूचना के अंतर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या अत्यधिक है और एक करोड़ से अधिक है, तब, सीबीटी को दो चरणों में आयोजित करने का परामर्श दिया जाता है, जिसमें पहले चरण का उपयोग दूसरे चरण के लिए अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग के लिए किया जाता है और द्वितीय चरण सीबीटी सीमित अभ्यर्थियों के साथ आयोजित की जाती है ताकि व्यापक सामान्यीकरण शामिल न हो और अंतिम योग्यता अधिक न्यायपूर्ण और निष्पक्ष हो।
4.	द्वितीय चरण सीबीटी के लिए अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने का आधार क्या है**?**	2015 के रेलवे भर्ती बोर्ड नियमावली के अनुसार, गैर तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों (एनटीपीसी) के लिए दूसरे चरण की सीबीटी के लिए अधिसूचित रिक्तियों के 10 गुना अभ्यर्थियों को बुलाया जाना है। यह सुनिश्चित करने के लिए है कि संख्या उस सीमा तक सीमित है जिसे व्यापक सामान्यीकरण से बचने के लिए एक या सीमित शिफ्ट में प्रबंधित किया जा सकता है और साथ ही यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रथम चरण सीबीटी के माध्यम से प्रारंभिक स्क्रीनिंग के बाद योग्यता तय करने के लिए पर्याप्त अभ्यर्थी उपलब्ध हैं। पहले की केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना (सीईएन) 02/2010 (स्नातक के लिए) और सीईएन-04/2010 (10+2 के लिए) में इसका पालन किया गया था, जहां अधिसूचित रिक्तियों के 10 गुना अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण सीबीटी के लिए बुलाया गया था, इसे सीईएन-03/2015 (स्नातक) के समय बढ़ाकर 15 गुना कर दिया गया था।

5.	**एनटीपीसी परीक्षा के लिए द्वितीय चरण सीबीटी के लिए कितने अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है?**	CEN-01/2019 के लिए स्नातक और 10+2 पास के लिए प्रथम चरण CBT को सामान्य बना दिया गया है, सीईएन में यह निर्धारित किया गया है कि अधिसूचित रिक्तियों के 20 गुना अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण सीबीटी के लिए बुलाया जाएगा ताकि पर्याप्त अभ्यर्थियों को प्रथम चरण सीबीटी के माध्यम से स्क्रीनिंग के पश्चात द्वितीय चरण सीबीटी में उपस्थित होने का अवसर दिया जा सके।
6.	**7 लाख रोल नंबर नहीं 7 लाख अभ्यर्थियों के लिए शॉर्ट लिस्टिंग होनी चाहिए?**	कहीं भी यह उल्लेख नहीं किया गया था कि दूसरे चरण की सीबीटी के लिए 7 लाख अलग-अलग अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। चूंकि दूसरे चरण में पांच अलग अलग स्तरों के सीबीटी होने हैं और एक अभ्यर्थी को पात्रता, योग्यता और विकल्प के अनुसार एक से अधिक स्तरों के लिए शॉर्टलिस्ट किया जा सकता है, 7 लाख रोल नंबरों की सूची में कुछ नाम एक से अधिक सूची में दिखाई देंगे।
7.	**आरआरबी ने अधिसूचित रिक्तियों के केवल 4-5 गुना अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया है।**	जैसा कि अधिसूचना के पैरा 13 में वर्णित है, अधिसूचित रिक्तियों के 20 गुणा की दर से स्तर/पदवार लघु सूचीकरण किया गया है। सूची में 7,05,446 रोल नंबर हैं जो 35281 की अधिसूचित रिक्तियों का 20 गुना है।
8.	**एक पद के लिए दस अभ्यर्थी लड़ते थे अब एक अभ्यर्थी 10 पदों के लिए लड़ेगा।**	अंत में, 35281 विशिष्ट अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा और योग्यता और वरीयता के आधार पर केवल एक पद के लिए एक अभ्यर्थी की नियुक्ति की जाएगी। अतः कोई पद रिक्त नहीं रहेगा।
9.	**स्नातक एवं 10+2 स्तर के पदों के लिए पात्र होने का अनुचित लाभ स्नातक अभ्यर्थियों को मिल रहा है। यदि स्नातक और 10+2 स्तर के पदों के लिए अलग-अलग अधिसूचनाएँ होतीं, जैसा कि पहले किया जाता था, तो उन्हें दो अलग-अलग परीक्षाओं में सफल होना होता।**	समय, ऊर्जा और प्रयास बचाने के लिए स्नातक और 10+2 स्तर के पदों के लिए भर्तियों का एकीकरण किया गया है जो कोविड-19 महामारी के दौरान उपयोगी साबित हुआ है। साथ ही, सीबीटी-1 के मानकों को 10+2 स्तर का रखा गया है, ताकि 10+2 स्तर के अभ्यर्थियों को नुकसान न हो और यह केवल सीबीटी-2 में है कि सभी स्तरों पर मानक अलग-अलग होंगे।
10.	**एनटीपीसी परिणामों के विरुद्ध अभ्यर्थियों के विरोध के लिए रेलवे ने क्या किया है?**	आरआरबी ने एनटीपीसी के दूसरे चरण की सीबीटी और लेवल एक के प्रथम चरण की सीबीटी को स्थगित कर दिया है। एनटीपीसी परीक्षा के प्रथम चरण के कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के परिणामों के संबंध में मौजूदा शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों और सीईएन आरआरसी-01/2019 में प्रस्तावित द्वितीय चरण सीबीटी को प्रभावित किए बिना अभ्यर्थियों द्वारा उठाई गई चिंताओं और शंकाओं को देखने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

11.	**छात्र अपनी शिकायत समिति में कैसे दर्ज करा सकते हैं?**	**अभ्यर्थी आरआरबी की वेबसाइटों पर उपलब्ध** https://iroams.com/outreach/ **लिंक का उपयोग करके अपनी चिंताएं प्रस्तुत कर सकते हैं।** अभ्यर्थी अपनी चिंताओं और सुझावों को निम्नलिखित ईमेल आईडी पर भी समिति को दर्ज करा सकते हैं: **rrbcommittee@railnet.gov.in** आरआरबी के सभी अध्यक्षों को भी अभ्यर्थियों की शिकायतों को प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। चिंताओं को दर्ज करने की सुविधा के लिए पूरे देश में विभिन्न क्षेत्रीय और मंडल मुख्यालयों पर आउटरीच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।
12.	**समिति को शिकायत दर्ज करने की अंतिम तिथि क्या है?**	अभ्यर्थियों को अपनी चिंताओं को प्रस्तुत करने के लिए 16.02.2022 तक तीन सप्ताह का समय दिया गया है।
13.	**शिकायतों के समाधान के लिए समिति की समय-सीमा क्या है?**	समिति इन चिंताओं की जांच करने के बाद 04 मार्च, 2022 तक अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी।
14.	**भर्ती प्रक्रिया में देरी क्यों?**	मार्च 2020 से कोविड19 महामारी और विभिन्न राज्यों द्वारा उस पर लगाए गए विभिन्न प्रतिबंधों के कारण भर्ती प्रक्रिया में देरी हुई है। सीबीटी के लिए उपयोग की जा सकने वाली क्षमता भी सामाजिक दूरी के मानदंडों के कारण प्रभावित हुई है, जिससे शिफ्टों की संख्या में वृद्धि हुई है। सीईएन-01/2019 की प्रथम चरण सीबीटी 133 शिफ्ट में हुई।